भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1012

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2024

7 श्रावण, 1946 (शक)

राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) - आन्ध्र प्रदेश

1012. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश के उन खिलाड़ियों का खेल-वार ब्यौरा क्या है जिन्हें राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत सहायता प्राप्त हुई है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय खेल विकास निधि के अंतर्गत खेल अवसंरचना के विकास के लिए आन्ध्र प्रदेश से प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;

(ग) राष्ट्रीय खेल विकास निधि के अंतर्गत अनुमोदित और लंबित ऐसे प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और उनके लंबित रहने के क्या कारण हैं; और

(घ) संवितरित धनराशि का ब्यौरा और उनके उपयोग की स्थिति क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत पिछले पांच वर्षों के दौरान सहायता प्राप्त करने वाले आंध्र प्रदेश राज्य के एथलीटों का खेल-वार विवरण अनुबंध-I में संलग्न है।

(ख) से (घ): एनएसडीएफ के तहत खेल अवसंरचना के विकास के लिए आंध्र प्रदेश राज्य से पिछले पांच वर्षों के दौरान कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****

अनुबंध-I

राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ)- आन्ध्र प्रदेश के संबंध में श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव द्वारा दिनांक 29.07.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1012 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र. सं.	**नाम**	**विधा**
1	ज्योति सुरेखा	तीरंदाजी
2	धीरज बोम्मादेवोरा	तीरंदाजी
3	के. श्रीकांत	बैडमिंटन
4	रंकी रेड्डी	बैडमिंटन
5	गर्ग कृष्ण प्रसाद	बैडमिंटन
6	साई चरण कोया	बैडमिंटन
7	शिखा गौतम	बैडमिंटन
8	रंगलावेंकट राहुल	भारोत्तोलन
9	कोल्ली वरलक्ष्म । पावनी कुमारी	भारोत्तोलन
10	धीरज बोम्मादेवरा	तीरंदाजी
11	दंडी ज्योतिका श्री	एथलेटिक्स
12	ज्योति याराजी	एथलेटिक्स
13	सात्वाइकसाईराज रंकीरेड्डी	बैडमिंटन

*****